## भाजपा के प्रदेश स्तरीय शिविर में भाजपा नेता लेंगे भाग

**करौली** (निंसं.)। भाजपा का प्रदेश स्तरीय ट्रेनिंग शिविर सिरोही के माउंटआबू में आज रविवार से 12 जुलाई तक आयोजित होगा। जिसमें भाजपा नेता भाग लेंगे।

भाजपा मीडिया प्रभारी मुकेश सालौत्री ने बताया की आज से शुरू होने वाले शिविर में करौली जिले से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मा डागूर,भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री अशोक सिंह धाबाई,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष हेमेंद्र वशिष्ठ,करौली - धोलपुर सांसद डॉ0 मनोज राजोरिया जिले के सहसंगठन प्रभारी गोरधन सिंह भाग लेंगे।

उन्होने बताया कि शिविर में वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव पर फोकस रहेगा एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं प्रदेश संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। शिविर में भाग लेने के लिए सदस्यों से आग्रह किया गया है।

# ईद का पर्व आज, एसपी ने पुलिस जाब्ते के साथ किया फ्लैग मार्च

**करौली** (निंसं.)। करौली जिला मुख्यालय सहित जिले भर में आज रविवार को ईद उल जुहा का पर्व मनाया जाएगा। जिसके चलते मस्जिदों और ईदगाहों में मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा करेंगे

ईद के पर्व को देखते हुए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी सतर्क और अलर्ट मोड पर दिखाई दे रहे हैं।जिसके चलते जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अंकित कुमार सिंह ने करौली शहर में कानून व्यवस्था की दृष्टि से विभिन्न प्वाइंटों पर अधिकारियों को लगाया है वहीं जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोंगस ने एसटीएफ,आरएसी,राजस्थान पुलिस के जवानों के साथ करौली शहर के बाजारों में फ्लैग मार्च कर लोगों से भयमुक्त होकर रहने और त्योहार पर आपस में भाईचारा कायम करने का संदेश दिया।करौली जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अंकित कुमार सिंह ने आज रविवार को ईद के पर्व को देखते हुए कानून व्यवस्था को लेकर करौली नगर परिषद के आयुक्त नरसी मीणा को हिण्डौन गेट के आसपास का क्षेत्र, सहायक कलेक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट यशवंत मीणा को हटवाडा बाजार के आसपास का क्षेत्र,उप निदेशक उद्योग विभाग के.के. मीणा को शिकारगंज ईदगाह के आसपास का क्षेत्र, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी श्यामलाल मीणा को वजीरपुर गेट के आसपास का क्षेत्र,बाल अधिकारिता विभाग के उप निदेशक के.के. सांखला को साईनाथ खिड़कियां मस्जिद के आसपास का क्षेत्र में तैनात करते हुए करौली उपखंड मजिस्ट्रेट अमित कुमार वर्मा से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि नियुक्त सभी अधिकारी आवंटित क्षेत्र में आज रविवार को प्रातः 8 बजे से शाम 6बजे तक भ्रमण कर सर्तकता के साथ सतत निगरानी रखेंगे एवं क्षेत्र की कानून व्यवस्था की रिपोर्ट उपखंड मजिस्ट्रेट करौली को प्रस्तुत करेंगे एवं सभी अधिकारी आवंटित क्षेत्र में भ्रमण के दौरान अपनी सेल्फी/लोकेशन अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट करौली एवं उपखंड मजिस्ट्रेट करौली को साझा करेंगे।



**करौली पुलिस अधीक्षक नारायण टोंगस ने ईद पर्व की पूर्व संध्या पर पुलिस अधिकारियों व जवानो के साथ शहर में फ्लैग मार्च किया।**

## युवक पर धारदार हथियारों से हमला

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। समीप के कस्बा श्रीमहीवीरजी में अपने घर के बाहर खड़े एक युवक पर कुछ लोगों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। घायल अवस्था में परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा है।

शहर के मोहन नगर स्थित जिला अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार समीप के कस्बा श्री महावीरजी निवासी अभिषेक पुत्र ताराचंद गत दिवस देर रात अपने मकान के बाहर कुत्ते को घुमा रहा था।

इसी दौरान धारदार हथियारों से लैस होकर छह-सात जने आए और उन्होंने युवक पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं परिजनों ने घायल युवक को उपचार के लिए शहर के मोहन नगर से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। इधर सूचना के बाद मौके पर पहुंची श्री महावीरजी थाना पुलिस ने युवक के बयान दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## सार-समाचार

### महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति प्रशिक्षण पन्द्रह से


**सपोटरा** (निंसं.) राजस्थान सरकार के कला साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग और शांति अहिंसा निदेशालय जयपुर द्वारा भरतपुर संभाग मुख्यालय पर 15 से 17 जुलाई तक 3 दिवसीय महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण की तैयारियों को लेकर एसडीएम अनुज भारद्वाज ने ब्लाक संयोजक राजकुमार मीना,सहसंयोजक विनोद जांगिड व प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा की गई। संयोजक राजकुमार मीना ने बताया कि संभाग स्तरीय प्रशिक्षण की तैयारियों को लेकर सपोटरा एसडीएम ने प्रशिक्षणार्थियों की संख्या,उनके आगमन और प्रस्थान,आवास,भोजन प्रशिक्षण स्थल के बारे में चर्चा की गई। प्रशिक्षण स्थल पर प्रशिक्षणार्थी 14 जुलाई की सांय 6 बजे तक उपस्थिति देंगे। इस दौरान धर्मराज माली,कुलदीप शर्मा,गबरीलाल मीना,बेदप्रकाश बैरवा,रूपकला जागा आदि उपस्थित थे।

### भागवत कथा के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। शिव कॉलोनी के साईं मंदिर पर आचार्य शंभू दयाल शास्त्री के सानिध्य में आयोजित भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं कलशों को सिर पर रखकर शामिल हुईं। आयोजन से जुड़े प्रमोद कुमार, मुकेश, अजय आदि ने बताया कि आचार्य शंभू दयाल शास्त्री के सानिध्य में साईं बाबा के मंदिर पर आयोजित भागवत कथा के उपलक्ष्य में महिलाओं ने बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा के साथ भागवत कथा की शोभायात्रा निकाली। कथा में प्रवचन दिन भागवतकथा सुनने के महत्व के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि जो भी नियमित रुप से कथा का श्रवण करता हैं। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे। कथा सुनने के लिए दूर दराज से भी लोग आए।

# जर्जर रास्ते से राह मुश्किल, लोगों ने किया प्रदर्शन

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। शहर के बयाना रोड से जाट की सराय तक का रास्ता पूरी तरह जर्जर हो चुका है। जगह-जगह गड्ढे बने हुए जिससे लोगों का निकलना तक मुश्किल हो रहा है। समस्या से परेशान होकर लोगों ने प्रदर्शन किया वहीं जनप्रतिनिधि और प्रशासन के अधिकारियों पर बार-बार सड़क निर्माण की मांग को अनसुनी करने का आरोप भी लगाए है।



**हिण्डौन सिटी के बयाना रोड से जाट की सराय तक का रास्ता जर्जर हो चुका है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है।**

जाट की सराय निवासी देवी सिंह, दिनेश सिंह, सतमन चौधरी, लोकेश चौधरी, रवि चौधरी, रघु सिंह, डिंपल आदि दर्जनों लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि शहर के बयाना रोड स्थित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जाट की सराय तक का रास्ता पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर गत कई वर्षों से मरम्मत कार्य तक नही हुआ है। जिससे सड़क में जगह जगह गहरे गड्ढे बन चुके हैं। जिनमें आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा है कि सड़क में बने गहरे गड्ढों में बारिश का पानी जमा हो गया है। जिससे दुपहिया और चार पहिया वाहन रोजाना दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि सड़क की खस्ता हाल से कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के अधिकारियों को अवगत करा दिया है और सड़क निर्माण की मांग करते हुए ज्ञापन भी सौंपा है। लेकिन ना तो जनप्रतिनिधि ही लोगों की समस्या की ओर ध्यान दे रहे हैं और ना ही अधिकारियों को ही लोगों की समस्या की परवाह है। जिसका खामियाजा जाट की सराय सहित शहर की दर्जनों कॉलोनियों क हजारों लोगों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि इस रास्ते से शहर की दर्जनों कॉलोनियों के हजारों लोगों का रोजाना आवागमन रहता है। इस तरह हजारों लोगों की समस्याओं को दरकिनार किया जा रहा है। लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे यहां तक कि अधिकारी कार्यालय के सामने धरने पर बैठेंगे।

## जल पुरूष ने किया जल संरचना निर्माण कार्यों का अवलोकन

**मासलपुर** (निंसं.) जल पुरुष राजेंद्र सिंह ने शनिवार को मासलपुर डांग क्षेत्र का दौरा कर तरुण भारत संघ द्वारा जन सहभागिता से कराए गए जल संरचना निर्माण कार्यों का अवलोकन किया एवं समाज के लोगों के साथ शेरनी नदी के पुनर्जीवन से उनके जीवन में आए बदलाव पर चर्चा की।

इस दौरान उन्होंने तरुण भारत संघ की उपाध्यक्ष इंदिरा खुराना,दिल्ली गांधी पीस फाउंडेशन के पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद शर्मा,जल संसाधन मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व निदेशक अशोक खुराना सहित समाज के लोगों के साथ शेरनी नदी का साजा दर्शन किया शेरनी नदी के पुनर्जीवन को देखकर तथा समाज में आई खुशहाली एवं समृद्धि का प्रत्यक्ष दर्शन कर आनंद की अनुभूति की जल पुरुष ने मासलपुर डांग क्षेत्र के महाराजपुरा, भूरखे, कोरीपुरा, केशपुरा, मरदई सहित कई गांवों का भ्रमण किया तथा वर्षा न होने के बाद भी समाज के लोगों को 5 वर्ष तक पानी मिलने के लिए शेरनी नदी पर दो जल संरचनाओं के निर्माण की आवश्यकता जताई।

# प्रमुख चिकित्सा अधिकारी गुप्ता ने पदभार संभाला

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। शहर के मोहन नगर स्थित जिला अस्पताल के नवनियुक्त प्रमुख चिकित्सा अधिकारी

- **सभी चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सा कर्मियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया**

डॉ पुष्पेंद्र गुप्ता ने शनिवार को विधि विधान से शुभ मुहूर्त में पदभार ग्रहण किया।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में राज्य सरकार की ओर से आदेश जारी कर शहर के मोहन नगर से जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी पद पर डॉ पुष्पेंद्र कुमार गुप्ता को नियुक्त किया है। डॉक्टर गुप्ता ने सभी चिकित्साअधिकारी व चिकित्साकर्मियों की मौजूदगी में शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पूर्व सीएमओ डॉ नमो नारायण मीणा नवनियुक्त पीएमओ डॉ गुप्ता का अस्पताल के सभी चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सा कर्मियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया और बधाई दी। इस दौरान ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दीपक चौधरी, डॉ आशीष शर्मा, डॉक्टर बृजेश चौधरी , डाक्टर रामराज मीणा, डॉक्टर राम हरी मीणा, डॉक्टर अंकुश अग्रवाल, डॉ रेखा, अशोक नारेडा, प्रशांत शुक्ला, प्रशांत चौधरी, रमेश गुप्ता, रविकांत सहित लगभग सभी चिकित्सा अधिकारी और चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे। इस दौरान नवनियुक्त पीएमओ डॉ गुप्ता ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।



**हिण्डौन सिटी में जिला अस्पताल के नवनियुक्त प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र गुप्ता ने पदभार ग्रहण किया।**

## डॉ. गर्ग ने शहर में कराई जा रही साफ सफाई की ली जानकारी

**भरतपुर** (निसं)। तकनीकी षिक्षा एवं आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने शनिवार को रणजीत नगर स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई की और इनके निस्तारण के निर्देष संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये वहीं शहर में साफ सफाई का कार्य कर रही निजी कम्पनी के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर बेहतर सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान डॉ. गर्ग ने शहर में सडकों के निर्माण के संबंध में नगर निगम के आयुक्त को निर्देष देते हुये कहा कि जो संवेदक कार्य नहीं कर रहे हैं उन्हें नोटिस दें। उन्होंने कहा कि शहर की प्रमुख सडकों का निर्माण प्रथम चरण में करवायें इसके अलावा वर्षाकाल में जलभराव एवं नालियों के अवरूद्ध होने की षिकायत की सूचना मिलते ही तत्काल कार्यवाही सुनिष्चित करें। उन्होंने कहा कि हैल्पलाईन के माध्यम से भी सफाई संबंधी षिकायतें प्राप्त होती हैं तो उन्हें भी निजी कम्पनी को भिजवायें।

# शीतला माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**गंगापुर सिटी।** न्यू ट्रक यूनियन शीतला रोड श्री शीतला मंदिर पर वैशाखी नंदन पर सवार माता शीतला एवं लांगुरिया की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन में माताजी के भक्तों महिला एवं पुरुषों ने आहुतिया दी।

शीतला मंदिर समिति के अध्यक्ष हरगोविंद कटारिया ने बताया कि सीताराम बर्तन वाले के नेतृत्व मे महिदास बालाजी मंडल की ओर से महीदास बालाजी पर ही पंडित संतोष जी शर्मा पिपलाई वाले द्वारा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिए धार्मिक कार्यक्रमों का अनुष्ठान विधि विधान व मंत्रोच्चारण के कराया गया। शनिवार को सुबह 9 बजे माता शीतला व लांगुरिया की प्रतिमा को रथ में विराजमान करा कर गाजे-बाजे से नगर परिक्रमा करवाई गई जो शहर के मुख्य मार्ग महीदास के बालाजी से गौशाला, पुलिस चौकी कैलाश टॉकीज, चौक वाले बालाजी, चौपड बाजार, घास मंडी, ट्रक यूनियन, शीतला रोड होते हुए माताजी के मुख्य धाम पर पहुंची शोभायात्रा में महिला एवं पुरुषों की विशाल भीड रही। उसके बाद विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद के सभापति शिवरतन अग्रवाल थे जिन्होंने माता के मंदिर पर पानी की बोरिंग लगाने की घोषणा की। शीतला माता मंदिर समिति के अध्यक्ष हरगोविंद कटारिया ने आज के आयोजन में पधारे सभी भक्तों को धन्यवाद देते हुए कहा कि मंदिर समिति ने जनसहयोग से विशाल मेले की शुरुआत की माता का ऐतिहासिक मेला लगता है। नगर परिषद की ओर से छाया, पानी, रोशनी, सफाई की व्यवस्था होती है। महिलाओं के दान से मंदिर का निर्माण हो गया है। महीदास बालाजी मंडल की ओर से मूर्ति की स्थापना हो गई। आगे सीतला मंदिर का ट्रस्ट बनाना जरूरी है यह सर्व समाज का मंदिर है ट्रस्ट में सभी जाति के भक्त गणों को लिया जाएगा।

## लायंस क्लब ने छात्रों के लिए सात छत के पंखे दिए

**भरतपुर** (निसं)। आज 9 जुलाई को लायंस क्लब भरतपुर ब्रिज द्वारा डॉक्टर सुभाष गर्ग राज्य मंत्री राजस्थान सरकार की प्रेरणा से लॉयन सुनील गुप्ता द्वारा पंडित मेवाराम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाटोली घना भरतपुर पर छात्रों के क्लास रूम के लिए क्लब द्वारा सात छत के पंखे सप्रेम भेंट किए गए।

इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य व उनके स्टाफ तथा इस कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता क्लब सचिव राकेश मित्तल क्लब कोषाध्यक्ष संजय गोयल पर कार्यक्रम संयोजक सुनील गुप्ता उपस्थित थे इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य ने क्लब के द्वारा स्कूल को वाटर कूलर व अन्य सामग्री बिछावन फर्श तथा अन्य सामान के स्कूल की आवश्यकता अनुसार दिए जाने पर प्रशंसा की तथा क्लब से स्कूल के विद्यार्थियों को इसी तरह मदद देने की की अनुशंसा की।

# 500 वाहनों के चालान, एक लाख रुपए की जुर्माना राशि वसूली

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। अतिरिक्त महानिदेशक यातायात के निर्देशन में संयुक्त सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने और दुर्घटना में होने वाली जन क्षति को कमकरने के लिए परिवहन पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए है।

इस दौरान यातायात पुलिस ने 500 वाहनों के चालान काटे। जिसमें एक लाख रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई। वहीं बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई कर 13 ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण के प्रस्ताव भेजे गए। साथ ही गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 38 पुलिस कार्रवाई, एमबी एक्ट में 380 कार्रवाई, राजमार्गों पर अनाधिकृत पार्किंग तथा अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 12 कार्रवाई, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कुल 10 कार्रवाई, मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन करने के विरुद्ध 2 कार्रवाई, ओवरलोडिंग वाहनों के विरूद्ध 40 कार्रवाई, बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 20कार्रवाई और एमबी एक्ट में 200 कार्यवाही की गई। यातायात प्रभारी एसआई कैलाश गुर्जर ने बताया कि अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध, नो पार्किंग करने वालों के विरुद्ध, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट चालकों के विरुद्ध तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध यातायात पुलिस की कार्रवाई जारी है। इस दौरान पुलिस द्वारा यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

## विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तक बांटी

**भरतपुर** (निसं)। होली मदर एजूकेषनल एण्ड चैरिटेबिल सोसायटी के तत्वाधान में संस्था द्वारा संचालित होली मदर पब्लिक स्कूल में आरटीई के तहत षिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को आज निःषुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया।

संस्था के सचिव जेम्स एन्थौनी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र कुन्तल ने की। कार्यक्रम के आरम्भ मे विद्यालय के आरटीई प्रभारी स्वदेश कटारा ने सभी का स्वागत करते हुए संस्था के अध्यक्ष और सचिव को इस प्रयास हेतू धन्यवाद दिया तथा संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र कुन्तल, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ज्योति बैन्नो ने पाठ्य पुस्तकों का वितरण विद्यार्थियों मे किया। कार्यक्रम में संस्था के सचिव जेम्स एन्थौनी, अभिभावक व विद्यालय में अध्यापक-अध्यापिकाऐं ने भाग लिया।

# पुलिस ने की शांति व्यवस्था में सहयोग करने की अपील

**रूपवास।** कस्बे के नेशनल हाइवे संख्या 123 पर स्थित गहनोली पुलिस चौकी पर सीएलजी सदस्यों की बैठक उपखण्ड अधिकारी राजीव शर्मा के मुख्यातिथ्य में आयोजित की गई। बैठक में सीओ सर्किल अजय शर्मा,थानाधिकारी रूपवास भोजाराम,तहसीलदार, भी मौजूद रहे। बैठक में ईद उल जुहा त्यौहार को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी राजीव शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में भाईचारा कायम है और सभी समाजों के लोग एक दूसरे के त्योहारों पर सहयोग करते है। उन्होंने कहा यदि किसी ने सोशल मीडिया या किसी अन्य माध्यम से कोई अफवाह फैलाई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने, सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने की बात कही। छोटी मोटी बातों को तूल देने के बजाय आपसी सहयोग की भावना से सुलझाना चाहिए। उन्होंने ईद की सामूहिक नमाज के साथ देश और प्रदेश में अमन-चैन का संदेश देने की बात कही। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ और फेक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीएलजी सदस्यों ने शांति व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने का भरोसा दिलाया। बैठक में पुलिस अधिकारियों के साथ ही सीएलजी सदस्य और विभिन्न धर्मों समुदायों के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर** (निसं)। पंचायत समिति कुम्हेर की ग्राम पंचायत रारह में मिलनसार किसान प्रोड्यूसर कंपनी (एफपीओ) के तत्वावधान में किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए परियोजना निदेशक आत्मा योगेश कुमार शर्मा ने किसानों को जानकारी दी कि अगर वास्तव में ही किसान भाई अपनी तरक्की चाहते हैं और आगे बढ़ने की इच्छा रखते हैं तो फिर सरकार द्वारा किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए शुरू किए गए एफपीओ से जुड़ना शुरू करें। परियोजना निर्देषक ने एफपीओ के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए, इसके गठन की प्रक्रिया, भविष्य में एफपीओ से किसानों को मिलने वाली सुविधाओं,लाभ तथा सदस्यता अभियान की आवश्यकता के बारे में बताया।

कार्यक्रम में, कृषि विभाग के स्थानीय कृषि पर्यवेक्षक रारह, देव कुमार तिवारी, कृषि पर्यवेक्षक सांतरूक राम विजय सिंह बदन सिंह, नरेंद्र, नीलू एनजीओ कट्स के, राजवीर सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ली शांति समिति के सदस्यों की बैठक

**हिण्डौन सिटी** ( का स )। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने शुक्रवार शाम पंचायत समिति सभागार में शांति समिति के सदस्यों की बैठक लेते हुए कहा है कि सीएलजी के सदस्य क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने 10 जुलाई को मनाए जाने वाले ईद के त्यौहार पर शांति व्यवस्था कायम रखने की भी अपील की।

शहर के पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार को आयोजित हुई सीएलजी की बैठक में जिला कलेक्टर ने शहर के प्रबुद्ध लोगों एवं सीएलजी सदस्यों से कहा कि वह वह ना तो अफवाह फैलाएं और ना ही किसी को फैलाने दें। उन्होंने बताया कि गत दिवस करौली में बच्चों के छोटे से विवाद को लेकर अफवाह के बाद बाजार बंद हो गए। छोटी सी घटना को बड़ा रूप देकर सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहें फैलाई जा सकती हैं, ऐसी घटनाएं हिंडोन में नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं पर सभी नजर रखें तथा किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर उसको पुलिस प्रशासन तक पहुंचाएं। जिला कलेक्टर ने कहा कि पिछले दिनों में हिंडौन में सभी त्यौहार शांतिपूर्वक मनाए गए इसके लिए हिंडौन के लोग धन्यवाद के पात्र हैं। अब भी इसी सौहार्द को बनाए रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि करौली में गत दिवस हुई घटना के तीनों आरोपियों को पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर लिया है। जिला कलेक्टर ने कहा कि पहले घर के बुजुर्ग अपने बच्चों को टोकते थे तथा पूछताछ करते थे, लेकिन आज का युवा सोशल मीडिया पर अधिक सक्रिय है। ऐसे में सभी बुजुर्गों को चाहिए कि वह अपने बच्चों पर नजर रखें, बातचीत करें तथा गलत गतिविधि की शंका होने पर उसे टोके और रोके। उन्होंने नगर परिषद को भी ईद के त्यौहार पर सफाई व्यवस्था माकूल रखने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने मुस्लिम समाज के लोगों से ईदगाह पर अधिक भीड़ एकत्रित करने के बजाय आसपास की मस्जिदों में ही नमाज अदा करने पर विचार करने की अपील की। बैठक में पुलिस अधीक्षक नारायण टोकस ने सभी लोगों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि सीएलजी के सदस्य पुलिस प्रशासन के आंख, कान और मुंह हैं।

## भोजन प्रसादी वितरित में सहयोग किया

**भरतपुर** (निसं)। आज दिन भरतपुर के सवसे वरिश्ठ सेवाभावी क्लब लायन्स क्लब भरतपुर के सदस्यों ने अपना घर आश्रम वझेरा जाकर आश्रम में निवासित प्रभुजनों की तीन यूनिट को भोजन प्रसादी वितरण के कार्य में व्यक्तिगत व आर्थिक सहयोग किया।

क्लब के अध्यक्ष लायन रवि सिंघल ने जानकारी दी कि, आज क्लब सदस्यों द्वारा आश्रम में किया गया कार्यक्रम क्लब के सेवा कार्यक्रम फूड फार हन्गर अर्थात जरूरतमन्दों को भोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत किया गया। इस कार्यक्रम में दो यूनिट की भोजन प्रसादी लायन हरीषंकर गोयल सर्राफ द्वारा अपने पिताजी दाउदयाल गोयल सर्राफ की पुण्य तिथी अवसर पर, व एक यूनिट की भोजन प्रसादी में लायन रवि मन्जू सिघंल की पुत्री सुप्रिया सिंघल के जन्मदिन अवसर पर, सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम उपरान्त आज क्लब के वरिश्ठ सदस्य लायन खैमचन्द अग्रवाल व लायन मुन्नी अग्रवाल की 52 वी वैवाहिक बर्शगांठ होने के अवसर पर उपस्थित सदस्यों द्वारा उन्हें एक सक्षिंप्त समारोह में स्वस्थ व दीर्घायु होने की बधाई दी।

# शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया फ्लैगमार्च



**सवाई माधोपुर के प्रमुख स्थानों पर पुलिस के जवानों ने फ्लैगमार्च निकाला।**

**सवाई माधोपुर**, । सवाई माधोपुर जिले में ईदुल जुहा के अवसर पर सौहार्दपूर्ण तथा प्रेम व भाईचारे का वातावरण बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ओला एवं जिला पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार विश्नोई के नेतृत्व में शहर के खण्डार तिराहे से प्रमुख स्थानों पर पुलिस के जवानों द्वारा फ्लैगमार्च निकाला गया। इस दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने ईदुलजुहा के अवसर पर अवाम को मुबारकबाद देते हुए सभी को इस त्यौहार को आपसी भाई चारे से मनाने व जिले के अमन एवं शांति के महौल को कायम रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना तत्काल जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय, जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं संबंधित पुलिस थाना अधिकारियों को दें। जिले के अमन चैन को नुकसान पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा उनके खिलाफ कठोर दण्डनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी उपखण्ड मुख्यालय पर पुलिस जवानों द्वारा फ्लैगमार्च किया गया है।

## विप्र फाउंडेशन के लोकेश मुद्गल ने कार्यकारिणी का गठन किया

**भरतपुर** (निसं)। विप्र फाउंडेशन भरतपुर के जिला प्रभारी दयाचन्द पचौरी की अनुसंशा पर जिलाध्यक्ष डॉ सुशील पाराशर की सहमती से विधि प्रकोष्ठ भरतपुर के जिलाध्यक्ष लोकेश मुद्गल ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया हैं।

जिसमे राजेश चंसोरिया को भरतपुर विधि प्रकोष्ठ का महामंत्री नियुक्त करने के साथ कृष्ण कुमार उपाध्याय,विकाश शर्मा, लोकेश शुक्ला,पंकज पाठक,गोपाल राम मुखरा,राकेश धनवाड़ा, पुष्पेंद्र शर्मा,बीक शर्मा,कृष्ण कुमार शर्मा को कार्यकारिणी मे शामिल किये जाने पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष गंगाराम पाराशर, विप्र फाउंडेशन युवा के प्रदेशाध्यक्ष इन्दुशेखर शर्मा, प्रदेश महामंत्री देवाशीष भारद्वाज, एवं जिला महामंत्री विपुल शर्मा ने नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। जिलाध्यक्ष लोकेश मुद्गल ने कहा कि वे संगठन के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।

## फ्लैग मार्च निकाला

**भरतपुर** (निसं) । भरतपुर में मुस्लिम समाज के प्रमुख पर्व ईद बडे ही धूमधाम से मनाया जाएगा इसके लिए मुस्लिम समाज ने तैयारियों पूरी कर ली है। ईद को शांतिपूर्वक मनाए जाने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रषासन भी तैयारियों में जुटा है। जिला एवं थाना स्तर पर षांति समिति एवं सीएलजी की बैठक आयोजित हो रही है। इन तैयारियों को लेकर षनिवार की षाम को पुलिस की ओर से एसपी ष्याम सिंह के नेतृत्व में सैंकडों पुलिस के जवानों के साथ षहर के मुख्य बाजारों से होकर फलेग मार्च निकाला गया। ईद मुस्लिम समाज का बडा धार्मिक त्यौहार माना जाता है। इस दिन मुस्लिम समाज एकत्रित होकर नवाज अता करते है। ईद के त्यौहार को देखते हुए हाल ही में राजस्थान के करौली, अलवर, जोधपुर और उदयपुर में हुई घटनाओं को लेकर षहर में सांम्प्रदायिक तनाव न भडके इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भरतपुर में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की है। षहर के विभिन्न चौराहों व मस्जिदों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस जाप्ता लगाया गया है। आज एसपी श्याम सिंह के नेतृत्व में फलेग मार्च निकाला।

# 'बाबा साहब ने बहुत संघर्ष सहन किए तब कहीं जाकर वह आगे बढ़ पाए'

**करौली** (निंसं.) । करौली की राजकीय महाविद्यालय में डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि बाबा साहब ने अपने जीवन में बहुत संघर्ष सहन किए तब कहीं वह पढ़ाई कर आगे बढ़ पाए।

करौली के राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में करौली विधायक लाखन सिंह मीणा ने शिरकत की इस अवसर पर विधायक मीणा ने कहा कि कॉलेज के विद्यार्थियों का बहुत पुराना सपना आज पूरा हो गया है 15 वर्ष से हर बार चुनाव के समय बाबा साहेब की प्रतिमा लगाने की मांग उठती आ रही थी। जो आज जाकर पूरी हुई है उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने अपने जीवन काल में बहुत संघर्ष किया। स्कूल के बच्चे जहां जूते उतारते थे वहां बैठकर उन्होंने अपनी पढ़ाई की और संविधान के निर्माता बने उन्होंने कहा कि करौली



करौली विधायक लाखन सिंह मीणा एवं अमीनुद्दीन खान ने पीजी कॉलेज मे अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावनण किया।

का कॉलेज बहुत पुराना कॉलेज है। इसमें सभी संकाय होनी चाहिए जो संकाय नहीं है उन्हें खुलवाने के लिए में मंत्री से वार्ता करूंगा कॉलेज परिसर में एक संविधान पार्क डवलप किया जाएगा जिसमें नगर परिषद पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि हम विधानसभा में इस महाविद्यालय को विश्वविद्यालय बनाने की पुरजोर मांग उठाएंगे लेकिन जमीन को लेकर आपको संघर्ष करना होगा इससे पूर्व राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ज्ञानेश्वर मीणा ने कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि महाविद्यालय डांग क्षेत्र का एकमात्र सबसे बड़ा महाविद्यालय है और जिले का नोडल कॉलेज भी है महाविद्यालय में 17 विभाग हैं। जिनमें कुल 64 पद स्वीकृत हैं वर्तमान में कुल 45 पद भरे हुए हैं तथा 21 पद खाली हैं और सत्र 2022-23 में प्रवेश कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि अशैक्षणिक अधिकारियों, कर्मचारियों में शारीरिक प्रशिक्षक, सहायक लेखा अधिकारी प्रथम, प्रशासनिक अधिकारी एवं प्रयोगशाला सहायक तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं प्रयोगशाला संवाहक के पद रिक्त होने के कारण महाविद्यालय के सुचारु संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में गोल्डन जुबली हॉल को जिला प्रशासन ने ईवीएम भंडारण हेतु लिया हुआ है इसके अतिरिक्त इनकी सुरक्षा के लिए कॉलेज जाब्ता हेतु एक छात्रा कक्ष को भी लिया हुआ है जिससे महाविद्यालय में होने वाली परीक्षाओं के लिए आवश्यक स्थान संबंधित होने वाले कार्यक्रम एवं विज्ञान संकाय की कक्षाएं पूर्ण से बाधित होती हैं। इस विषय में जिला प्रशासन को कई बार पत्राचार एवं मौखिक रूप से अवगत भी कराया जा चुका है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व पार्षद विजय जाटव,शिक्षक संघ अंबेडकर के अमृत लाल छाबड़ा नें अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान को पढ़ना चाहिए तभी हम अपने हक और अधिकारों को जान पाएंगे।

## सार-समाचार

### सरकारी कर्मचारियों के अप डाउन से परेशानी

**वजीरपुर** (नि.सं.)। उपखंड क्षेत्र में प्रशासन वढती लापरवाही के अनेक सरकारी कर्मचारियों के अब डाउन करते हैं। जिससे समय पर लोगों के कार्य नहीं हो पाते हैं । तहसील बिजली शिक्षा जन स्वास्थ्य अभियान अभियांत्रिकी अधिकारी कर्मचारी मुख्यालय पर नहीं ठहरते है । जिससे समय पर कार्यालय नहीं खुल पाता । अधिकांश अधिकारी कर्मचारियों प्रतिदिन अप डाउन करते नजर आते हैं । जिससे समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते हैं । कार्यालय के समय पर कर्मचारियों की लेट लतीफी से लोगों को परेशानी होती है ।

### जनसुनवाई के निस्तारण की जानकारी दी

**वजीरपुर** (नि.सं.)। उपखंड क्षेत्र में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर वीसी के माध्यम से जनसुनवाई के निस्तारण की प्रक्रिया का शीधा प्रसारण किया गया । ई-मित्र संचालन जीतेन्द्र सिंह सेंगर ने बताया कि मुख्य सचिव की ओर से राज्य की सम्मत ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं का निस्तारण वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया । जिसका शीधा प्रसारण राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर स्थापित ई मित्र पूस मशीनो के माध्यम से होने के कारण पशु चिकित्सा अधिकारी सुरेश मीणा, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राजेश मीणा तथा आम जन उपस्थित रहे।

### परीक्षा 11 जुलाई को

**गंगापुर सिटी**। अग्रवाल कन्या महाविद्यालय में रसायन विज्ञान प्रायोगिक परीक्षा 11 जुलाई को आयोजित की जाएगी। महाविद्यालय प्राचार्य एवं केंद्राधीक्षक डॉ. बी. एस. गुर्जर ने बताया कि अग्रवाल कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत बी. एस. सी अंतिम वर्ष छात्राओं की रसायन विज्ञानप्रायोगिक परीक्षा 11 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

## कथावाचक सन्त शिरोमणि नन्दकिशोर का शॉल, साफा पहनाकर स्वागत

**भरतपुर** (निसं) । आज श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से श्री मदनमोहन जी मंदिर टाडॉं किला, भरतपुर भक्तमण्डल की ओर से आयोजित भव्य श्रीमद्‌भागवत गीता ज्ञान यज्ञ में व्यास गद्दी को प्रणाम करते हुए, कथावाचक सन्त शिरोमणि नन्दकिशोर का शॉल, साफा, दुपट्टा, माला पहनाकर एवं भगवान श्री परशुराम जी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया । साथ ही व्यास का आशीर्वाद लिया द्य आज कथा में शिव धनुष, श्री राम विवाह एवं सीता स्वयंवर, नंदोत्सव की अमृतमयी का रसपान कराया गया। व्यास ने कहा कि जो सुख प्रभु की भक्ति में है वो कहीं नहीं। सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों में श्री ब्राह्मण सभा पूर्व जिलाध्यक्ष कौशेलेश शर्मा, मंदिर महंत दिगंबर पंडा, श्री ब्राह्मण सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, समता आंदोलन जिलाध्यक्ष केदार पाराशर, विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर, सेवानिवृत्त आईआरए गिरधारीलाल शर्मा, सेवानिवृत्त लेखाकार सुदर्शन अवस्थी, नगर निगम पार्षद देवों पंडा जयशंकर जूडो कराटे क्लब के संचालक पीयूष जयशंकर टाइगर, शिक्षक संघ (सियाराम) के जिलाध्यक्ष बाबूलाल कटारा, लालचंद शर्मा एलआईसी वाले, सेवानिवृत्त सहायक लेखा अधिकारी ईश्वरप्रसाद शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी मनमोहन भारद्वाज, दिनेशचन्द शर्मा रोडवेज वाले, ठेकेदार बैजनाथ शर्मा आदि को व्यास जी महाराज ने आशीर्वाद दिया।

## रोडवेज की टक्कर से बाइक सवार चाचा भतीजा घायल

**गंगापुर सिटी** । हिंडौन वजीरपुर रोड पर शुक्रवार को एक रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दो युवक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर एबुलेंस 1०8 घटना स्थल पर पहुंची। घायलों को राजकीय सामान्य चिकित्सालय में पहुंचाया गया। जहां एक युवक को जयपुर रेफर कर दिया गया।

घायल के परिजनों ने बताया कि डोव गांव का रहने वाला राजू लाल (30) अपने भतीजे सुभाष (26) के साथ बाइक पर गंगापुर सिटी जा रहे थे। इस दौरान नवोदय विद्यालय के पास एक रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में चाचा-भतीजा घायल हो गए। दोनों घायल को 108 एंबुलेंस से राजकीय सामान्य चिकित्सालय में पहुंचाया गया। जहां दोनों को सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया।

## भाविप का 42वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। भारत विकास परिषद् शाखा की ओर से 42 वाँ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर विनीता नर्सिंग होम एवं अग्रवाल एक्स रे क्लिनिक के सहयोग से परिषद् के स्थापना दिवस पर 10 जुलाई को राजकीय अस्पताल हिण्डौन सिटी में लगाया जा रहा है।

सचिव वर्धमान जैन एवं रक्तदान प्रभारी शिम्भू गुप्ता ने बताया कि रक्दान के प्रति जाग्रति के उद्देश्य से गोविन्दम नर्सिंग कॉलेज में सेमीनार आयोजित की गयी जिसमें डा.दीपक चौधरी ने सम्बोधित करते हुये रक्तदान के प्रति फैली भ्रांतियो को दूर करते हुए कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है जिसका हिमाग्लोबिन 12 ग्राम से अधिक हो तथा पिछले 3 माह से मलेरिया आदि कोई बीमारी नहीं हुई हो इसके अलावा जिसे पिछले 4 वर्ष में कोई सर्जरी नहीं हुई हो वह जिसे एचआईवी जैसी कोई बीमारी नहीं हो रक्तदान कर सकता है। रक्तदान का कोई विकल्प नहीं है । उन्होंने बताया 1 वर्ष में अधिकतम 4 बार रक्तदान किया जा सकता है । रक्तदान में 3 महीने का अंतर रखना चाहिए। मुकेश जैन ने संबोधन में कहा कि रक्तदान जीवनदान है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है। आज हम सभी शिक्षित व सभ्य समाज के नागरिक है, जो केवल अपनी नहीं बल्कि दूसरों की भलाई के लिए भी सोचते हैं तो क्यों नहीं हम रक्तदान के पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। सेमीनार में अध्यक्ष महेश मित्तल, देवेन्द्र जाँगिड, शिम्भू गुप्ता कॉंलेज स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

## हिण्डौन सिटी के शिवालय से चांदी का छत्र और दानपात्र चोरी

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। शहर के जाटव बस्ती स्थित बगीची में शिवालय से गत रात को ही चोर चांदी का छत्र, पूजा के बर्तन और दानपात्र चुरा कर ले गए । सूचना मिलने पर आसपास के लोग मंदिर पर एकत्रित हो गये।

शहर की जाटव बस्ती निवासी प्रकाश चंद पुत्र हरिकिशन की ओर से कोतवाली पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है कि जाटव बस्ती की हरिकिशन की बगीची पर स्थित शिवालय से गत रात कोई चोर तीन चांदी के छत्र, दो तांबे के कलश, एक पीतल का कलश, हनुमान जी की तावे की गदा, शंकर भगवान का पीतल का त्रिशूल व पूजा में काम आने वाले पीतल और तांबे के बर्तन सहित दानपात्र चुरा कर ले गए । मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ट्रेन में चोरी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने एक घंटे में ही दबोचा

**गंगापुर सिटी**। जयपुर-बयाना पैसेंजर ट्रेन में यात्री की जेब से पर्स निकालने वाले 3 आरोपियों को जीआरपी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके पास पीडति का आधार कार्ड, फोटो और नकदी मिली। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों ने पर्स चोरी करना स्वीकार कर लिया। जीआरपी पुलिस तीनों युवकों को रेलवे मजिस्ट्रेट के सामने पेश करेगी।

जीआरपी थानाधिकारी जगदीश सिंह ने बताया कि करौली निवासी लोकेंद्र तिवारी जयपुर-बयाना पैसेंजर ट्रेन में गंगापुर सिटी आ रहा था। इस दौरान सीट पर उसके पास 3 युवक बैठे हुए थे। इस दौरान युवकों ने उसकी जेब से पर्स निकाल लिया। लोकेंद्र जब गंगापुर सिटी स्टेशन पर उतरे तो उनको जेब से पर्स चोरी होने का पता चला। इस पर उसने जीआरपी थाना पुलिस में पर्स चोरी होने की सूचना दी। थानाधिकारी ने बताया कि लोकेंद्र तिवारी से पूछा गया कि आपके पास में कौन-कौन यात्री बैठे थे और उनका हुलिया कैसा था। इसके बाद जीआरपी ने मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया और उनकी सूचना के आधार पर हमीरपुर कच्ची बावरिया सवाई माधोपुर निवासी शिवा पुत्र श्रवण बावरिया, विजय पुत्र राजू बावरिया और मलखान पुत्र हनुमान निवासी बंबोरी कॉलोनी सवाई माधोपुर को गंगापुर सिटी में ही पकड लिया। उसकी तलाशी लेने पर उनके पास पीडित का आधार कार्ड, फोटो और 45०० रुपए नकदी मिली। पूछताछ करने पर आरोपियों ने पर्स चोरी करना स्वीकार कर लिया।

## क्रिकेट प्रीमीयर लीग सीजन 4 आयोजित

**गंगापुर सिटी** । खेल प्रेमियों के लिए शहर में 31 जुलाई से डीसी क्रिकेट किड्स प्रीमियर लीग 4 का आयोजन किया जाएगा। प्रीमियर लीग 3 की अपार सफलता एवं क्रिकेट प्रेमियों की मांग के चलते दिशा क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें इस प्रतियोगिता को आयोजित कराने का निर्णय लिया गया। किड्स प्रीमियर लीग 3 के सफल आयोजन के कारण सर्वसम्मति से इस बार भी प्रतियोगिता के संयोजक के रूप में विकास जैन एवं वैभव दुबे को बनाया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियां बनाई गई जिनमें चयन समिति के रूप में राजेश खन्ना, जीतेंद्र उपाध्याय, शरद माथुर, एनोश हरमन, सुरेंद्र मित्तल, दिवाकर शर्मा, सोमदत्त शर्मा, मनीष जैन, सौरभ जैन, नरेंद्र शर्मा आदि को शामिल किया गया प्रतियोगिता संचालन समिति में अनिल मित्तल रोहित जैमिनी सूर्य प्रकाश शर्मा आभा शर्मा मनोज बर्तन जितेंद्र नरूका विकास अग्रवाल लोकेश सोगानी आनंद पगोरिया लक्ष्मी नारायण गोयल आलोक माल धनी को शामिल किया गया ।

## पौधारोपण,फल वितरण कर मनाया एबीवीपी स्थापना दिवस



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना दिवस पर बच्चों को फलों का वितरण किया।

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना दिवस पर हिंडौन इकाई नगर मंत्री योगेंद्र सिंह शेरपुर के नेतृव में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं एबीवीपी स्थापना दिवस पर राजकीय स्कूलो में अलग-अलग जगह बच्चों को फल वितरण किए गए । इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया।


सह मंत्री लव सोलंकी ने बताया कि विद्यार्थी परिषद द्वारा पूरे देश भर में इस तरह के कार्यकम किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद की स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई । विद्यार्थी परिषद ने जयपुर प्रांत ने 1 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है । जिसकी शुरुआत होने पर कार्यकताओं है । पेड़ लगाने की रुचि बड़ी है । इस दौरान योगेंद्र सिंह शेरपुर, लव सोलंकी, मोहित, टिंकू, भूपेंद्र आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आचार्य वर्धमान सागर को श्रीफल भेंट

**गंगापुर सिटी** । शनिवार को श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी ने आचार्य वर्धमान सागर जी के श्री चरणों में नमन करते हुए श्रीफल भेंट किया।

बीसवीं सदी के प्रथम दिगंबर जैन आचार्य शांतिसागर जी परंपरा के पंचम पट्टा धीश वात्सल्य वारिधि धर्म प्रभावक राष्ट्र गौरव आचार्य वर्धमान सागर जी जोकि 26 मुनि एवं आर्यका संसंघ सवाई माधोपुर में अहिंसा सर्किल आलनपुर स्थित दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र चमत्कार जी मंदिर में विराजमान है श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी गंगापुर सिटी के महामंत्री अरिहंत बोहरा उपाध्यक्ष महावीर गोधा नरेंद्र गंगवाल विकास जैन अशोक पाटनी अनिल विलाला ने सामूहिक रूप से आचार्य वर्धमान सागर जी के श्री चरणों में नमन करते हुए श्रीफल भेंट किया। आचार्य श्री से गंगापुर सिटी आगमन का विनम्र निवेदन किया आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने सभी से विस्तृत चर्चा करते हुए गंगापुर सिटी आगमन के लिए मंगल आशीर्वाद प्रदान किया।

## गिरिराज धरण मैं तेरी शरण के जयकारे गूंजे



श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर आचार्य श्री मिथिलेश शास्त्री जी ने पूतना वध की कथा सुनाई।

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री गोमती धाम हिंडौन सिटी पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के आज पंचम दिवस पर आचार्य श्री मिथिलेश शास्त्री जी ने पूतना वध, माखन चोरी लीला, अघासुर वध, चीरहरण लीला एवं श्री गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए बताया कि व्यक्ति को जीवन में अभिमान किसी भी प्रकार से कभी भी नहीं लाना चाहिए क्योंकि जब देवताओं के राजा इंद्र का अभिमान नहीं टिक सका तो आम व्यक्ति का अहंकार कैसे रह सकता है एवं गोवर्धन महाराज , गंगा मैया , हनुमान जी एवं गुरुदेव भगवान को कलयुग में साक्षात बताए गए हैं। 'गोवर्धन को जाऊं मेरे वीर नाय माने मेरो मनवा' इत्यादि सुंदर भजनों पर सभी माताओं एवं भक्तों ने सुंदर नृत्य किया एवं गिर्राज महाराज की जय - जयकार के नारों से गोमती धाम गूंज उठा।

## रनर्स-डे पर महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**गंगापुर सिटी** । सोमवार को रनर्स क्लब द्वारा रनर्स डे के उपलक्ष में महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 11 जुलाई को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को महिला सम्मान एवं उत्सव के रूप में मनाया जाएगा एवं आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई।

हिट गंगापुर फिट गंगापुर की थीम पर इस कार्यक्र्रम का आयोजन विशेष रूप से महिलाओं की उत्साहवर्धन के लिए आयोजित किया जाएगा। जीजीसी फिटनेस आइकन अवार्ड 2०22 फॉर वूमेन का यह कार्यक्र्रम जिसकी संयोजिका अंजू मालधनी बनाए गई। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्र्रम का मुख्य उद्देश्य कामकाजी एवं व्यस्ततम महिलाजो को अपने परिवार एवं अन्य जिम्मेदारियों के चलते अपने जीवन में समय निकाल कर अपने आप को शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं उत्तम रखती हैं, उन महिलाओं को इस कार्यक्र्रम के तहत सम्मानित किया जाएगा।

## 'छात्र सेवा के साथ-साथ समाज से भी जुड़ा रहुंगा'

**भरतपुर** (निसं) । आज महारानी श्री जया महाविद्यालय में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार राहुल उवार एव गौरव खटोटी के नेतृत्व में शरबत एवं मिठाई बांटी । अध्यक्ष पद प्रत्याशी राहुल उवार ने कहा की आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 74 में स्थापना दिवस के उपलक्ष में शरबत एवं मिठाई खिलाकर समस्त छात्र-छात्राएं भाई-बहन एवं यात्री गणों को शुभकामनाएं प्रेषित की छात्रसंघ अध्यक्ष प्रत्याशी राहुल उवार ने कहा कि मैं पिछले 4 साल से छात्र हितों में कार्य कर रहा हु और आगे भी करता रहुगा । इस मौके पर कार्यकर्ता राहुल उवार. गौरव खटोटी. कुलदीप उवार. अजय खटोटी. देवेश उवार. मौजूद रहे।

## योगा क्लास आज

**भरतपुर** (निसं) । योगा प्लेनेट इंडिया, बंगलौर की ओर से कल 10 जून रविवार को स्वास्थ्य मंदिर रणजीत नगर पर निशुल्क योगा स्पेशल क्लास सुबह 8 से 9 बजे तक लगाई जाएंगी, जिसमें आयुष मंत्रालय भारत सरकार के डॉक्टर नीरज अरोड़ा अपनी सेवाएं देंगे।

## राज्य स्तरीय टेनिस बॉल प्रतियोगिता 17 से, 20 जिला की टीमें हिस्सा लेंगे

**करौली** (निंसं.)। राजस्थान टेनिस बॉल क्रिकेट संघ जिला करौली के तत्वाधान में राजीव गांधी खेल संकुल स्टेडियम में 17 जुलाई से राज्य स्तरीय टेनिस बॉल प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग का आयोजन होगा। जिसके लिए यहां के संघ ने पूरी तैयारी की है।

राजस्थान टेनिस बॉल क्रिकेट संघ करौली के अध्यक्ष हाजी रुखसार अहमद एवं आयोजन सचिव सैयद फजल मोहम्मद ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बालक एवं बालिकाओं की पूरे प्रदेश की टीमें भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि बालक वर्ग की 20 जिलों की टीमें एवं बालिका वर्ग की 17 जिलों की टीमें भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि जिनके आवास एवं अन्य सुविधाएं मुहैया कराने की पूरी तैयारी कर ली गई है उन्होंने जानकारी दी कि बालक वर्ग की टीमों के लिए यहां के हिण्डौन दरवाजा स्थित गर्ग मैरिज गार्डन बागुर में और करौली इन मैरिज गार्डन गुलाब बाग में आवास व्यवस्था की जाएगी। इसी प्रकार बालिका वर्ग की टीमों के आवास की व्यवस्था यात्री निवास पंचायती धर्मशाला नई सब्जी मंडी के पास की गई है इसके अलावा उन्होंने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए कानूनी व्यवस्था के लिए थानाधिकारी और चिकित्सा व्यवस्था के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी करौली को और खेल मैदान के लिए खेल अधिकारी को लिखित में पत्र पेश कर सहमति ले ली गई है। संघ के अध्यक्ष हाजी रुखसार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का 17 जुलाई को प्रातः 7:30 बजे राजीव गांधी खेल संकुल स्टेडियम में उद्‌घाटन होगा एवं समापन 19 जुलाई को प्रातः 11बजे होगा उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता को संपन्न कराने के लिए 8 निर्णायको की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर संघ के अध्यक्ष ने जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह को भी एक ज्ञापन सौंपकर सभी विभागों के सहयोग दिलाने की मांग की है।

## पशु चिकित्सालय पर विभागीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

**सूरौठ** (नि.सं.)। राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय सूरौठ पर विभागीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया जिस पर नोडल अधिकारी डा. विजेंद्र सिंह वर्मा वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को नोडल सूरौठ पर विभागीय समिक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें डा. खुशीराम मीणा संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग करौली द्वारा विभागीय लक्ष्यों को समय रहते शत प्रतिशत पूर्ण करने के बारे में बताया गया और वर्तमान में संचालित केंद्रीय प्रवर्तित योजना 'खुर-पका मुंहपका उन्मूलन प्रोग्राम' चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत हर 6 महीने में 4 माह से ऊपर के गाय भैंस को बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाता है । इस बीमारी से पशुपालकों को बहुत आर्थिक नुकसान होता है इसलिए इसके बचाव हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा टीकाकरण कार्यक्रम चला जा रहा है । 'राष्ट्रीय कृतिम गर्भाधान कार्यक्रम' योजनांतर्गत निशुल्क कृत्रिम गर्भाधान विभागीय संस्थाओं पर किया जा रहा है ।

# पुलिस और प्रशासन ने धौलपुर शहर में निकाला फ्लैग मार्च



धौलपुर सामाजिक सौहार्द और धार्मिक सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस की ओर से धौलपुर शहरी क्षेत्र में शनिवार शाम को फ्लैग मार्च किया।

**धौलपुर**। सामाजिक सौहार्द और धार्मिक सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस की ओर से धौलपुर शहरी क्षेत्र में शनिवार शाम को फ्लैग मार्च किया गया। जो पुराना शहर, महात्मानंद की बगीची, समेत धौलपुर शहर के प्रमुख बाजारों से होकर गुजरा।

फ्लैग मार्च में सीईओ जिला परिषद चेतन चौहान, सहायक कलक्टर दीपक खटाना, सीओ सिटी प्रवेन्द्र महला, कोतवाली थाना प्रभारी अध्यात्म गौतम, निहालगंज थाना प्रभारी बाबूलाल समेत शहर के तीनों थानों, आरएसी और पुलिस लाइन का जाप्ता मौजूद रहा। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने लोगों से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और मिलकर शांतिप्रिय तरीके से रहने की ।

## मेलजोल की भावना बरकरार रहे : डॉ.गर्ग

**भरतपुर** (निसं) । भरतपुर विधायक एवं तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ सुभाष गर्ग ने ईद-उल-जुहा के अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को मुबारकबाद देते हुए कहा है कि यह त्यौहार सभी को खुशहाली लेकर आए एवं आपसी प्रेम भाईचारा बना रहे ।

डॉ गर्ग ने सभी मुस्लिम भाइयों को मुबारकबाद देते हुए कहा है कि हम सभी को मिलकर ऐसा कार्य करना होगा कि सदियों से सभी धर्मावलंबियों के बीच बनी आपसी समन्वय व मेलजोल की भावना बरकरार बनी रहे।

## डॉ गर्ग जयपुर हुये रवाना

**भरतपुर** (निसं) । तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग शुक्रवार 8 जुलाई को तीन दिवसीय दौरे पर भरतपुर आये थे किन्तु दूसरे शनिवार 9 जुलाई को जयपुर में राज्य स्तरीय बैठक आयोजित होने की वजह से दोनों दिनों के कार्यक्रम निरस्त कर जयपुर रवाना हुये । आगामी समय में भरतपुर आने की सूचना दे दी जायेगी।

